

**3.3 बिलियन डॉलर**

तोक्यो ने 3.3 बिलियन डॉलर यानी करीब 250 अरब रुपये की स्थानीय स्पॉन्सरशिप बेची है। यह पिछले किसी भी ओलिंपिक के मुकाबले दोगुनी रकम है। अब वे ब्रॉन्ड अपने पैसों का हिसाब मांगेगे। वे जानना चाहेंगे कि उन्हें उनके पैसे के बदले में क्या मिलेगा? रिफंड, नई डील या फिर नए अनुबंध?

## तोक्यो ओलिंपिक टले, जापान को अरबों डॉलर का नुकसान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जापान। तोक्यो ओलिंपिक टले, जापान को अरबों डॉलर का नुकसानतोक्यो ओलिंपिक 2021 तक के लिए टल गए हैं। अब आता है सबसे बड़ा सवाल। इस देरी से होने वाले नुकसान की भरपाई कौन करेगा, और यह नुकसान कितना बड़ा होगा? इसका सबसे पहला जवाब जो दिमाग में आता है वह है जापान के टैक्सपेयर। एक नजर डालते हैं कि इस आयोजन को डालने से अंदाजन कितना नुकसान हो सकता है

2-7 **बिलियन डॉलरः** जापान के एक बिजनस अखबार निकी ने स्थानीय आयोजकों से बातचीत के आधार पर अंदाजा लगाया है कि ओलिंपिक टलने से 2.7 बिलियन डॉलर यानी करीब 200 अरब रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा।

3500 **वैन्यू की लीजः** आयोजकों को वेन्यू के लिए नई लीज पर बात करनी होगी। एरिना के मैंटेनस के लिए भुगतान करना होगा और शायद इस बार मामला अलग हो।

# भारत में सबसे बड़े क्रेज आईपीएल को रद्द करने का दबाव बढ़ा

**आईपीएल**

## कई फ्रेंचाइजी मालिक भी बीसीसीआई से कर चुके हैं यह मांग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दुनिया का सबसे बड़ा खेल आयोजन तोक्यो ओलिंपिक्स–2020 कोविड महामारी की भेंट चढ़कर एक साल के लिए टल चुका है और अब भारत में क्रिकेट का सबसे बड़ा क्रेज इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) भी इसी की राह चल चुका है। कोरोना वायरस से निबटने के लिए देश में 21 दिनों के लॉकडाउन की घोषणा के बाद अब बीसीसीआई पर आईपीएल को रद्द करने का दबाव बढ़ गया है।

**15 अप्रैल तक किया था स्थगितः** बीसीसीआई ने इस महीने की शुरुआत में आईपीएल को 15 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया था। उस वक्त बोर्ड ने कहा था कि टूर्नामेंट की मेजबानी केवल स्थिति में सुधार होने पर किया जाएगा। लेकिन इसमें सुधार होने की जगह स्थिति और गंभीर हो गई जहां



भारत में इस वायरस की चपेट में 500 से ज्यादा लोग आ गए हैं। बीसीसीआई प्रेजिडेंट सौरभ गांगुली ने एक रोज पहले कहा था कि गंभीर स्थिति को देखते हुए उनके पास इस मामले पर कहने के लिए कुछ नहीं है। गांगुली ने कहा था, 'मैं फिलहाल कुछ नहीं कह सकता। हम उसी स्थान पर हैं जहां हम इसे सस्पेंड करने वाले फैसला लेते समय थे। पिछले 10 दिनों में कुछ भी नहीं बदला है। ऐसे में मेरे पास इसका कोई जवाब नहीं है। यथास्थिति बनी हुई है।'

**वाडिया की रायः** किंग्स इलेवन पंजाब के को–ओनर नेस वाडिया इस मुद्दे पर ज्यादा साफगोई दिखाई है। उन्होंने कहा, 'बोर्ड को वाकई आईपीएल को अब स्थगित करने पर विचार करना चाहिए। एक प्रमुख खेल आयोजन के तौर पर हमें बड़ी जिम्मेदारी के साथ काम करने की जरूरत है।' उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, 'मई तक स्थिति में अगर सुधार होता है और मुझे आशा है कि ऐसा होगा तो भी हमारे पास कितना समय रहेगा। लेकिन क्या तब भी विदेशी खिलाड़ियों को देश में प्रवेश करने की अनुमति होगी' इससे पहले मंगलवार को बोर्ड ने अधिकारियों और फ्रेंचाइजी मालिकों की कॉन्फ्रेंस को स्थगित कर दिया गया था।

**अब भी है आस!:** ग्लैमर और चकाचौंध से भरी आठ टीमों की यह टी20 लीग मूल रूप से 29 मार्च को मुंबई में शुरू होने वाली थी। ऐसा लग रहा है कि बीसीसीआई को अब भी स्थिति में सुधार की संभावना दिख रही है, इसीलिए वह अभी तक कोई फैसला नहीं कर पा रहा है। इस मामले से जुड़े बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'अगर ओलिंपिक्स को एक साल के लिए स्थगित किया जा सकता है, तो आईपीएल उस लिहाज से बहुत छोटा टूर्नामेंट है।

## यूपी पुलिस ने धोनी का फोटो शेयर कर बताया कोरोना से बचने का तरीका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोनावायरस यानी कोविड–19 का असर सारी दुनिया पर पड़ चुका है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। देश में इस बीमारी से 600 से ज्यादा लोग संक्रमित हो चुके हैं। इस वायरस के प्रभाव के चलते ही भारत में 21 दिनों का लॉकडाउन घोषित किया गया है। लोगों को घरों के अंदर रहने को कहा गया है। इस बीच उत्तर प्रदेश पुलिस ने अपने ही अंदाज से लोगों को घर में रहने की सलाह दी है। यूपी पुलिस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से एक फोटो शेयर किया है। यह फोटो महेंद्र सिंह धोनी का है।



पुलिस ने 2019 वर्ल्ड कप में भारत और न्यूजीलैंड के बीच सेमीफाइनल की तस्वीर साझा की है। इसमें धोनी को रन आउट होते हुए दिखाया गया है। पुलिस ने कैप्शन दिया है, हमें कोरोना से मैच जीतना है! कैसे? अंदर रहकर। पुलिस ने फोटो पर टेक्स्ट लिखा है– उस दिन भी यही ख्याल आया था कि काश अंदर होते।

**धोनी हुए थे रन आउट**

न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में महेंद्र सिंह धोनी मार्टिन गप्टिल के थ्रो पर रन आउट हो गए थे। इसके साथ ही भारत के जीतने की उम्मीद समाप्त हो गई थी। धोनी ने पिछले साल जुलाई में हुए इस मैच के बाद कोई मुकाबला नहीं खेला है। उम्मीद की जा रही थी कि वह इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नै सुपर किंग्स के लिए वापसी करेंगे। इसके लिए उन्होंने मार्च की शुरुआत में प्रैक्टिस भी शुरू कर दी थी। लेकिन अब कोरोना वायरस के चलते लीग भी टाल दी गई और उस पर संशय के बादल मंडरा रहे हैं। धोनी के करियर को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

## रद्द होने की आशंका के बावजूद आईपीएल की तैयारी में जुटे स्टोक्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। इंग्लैंड के हरफनमौला बेन स्टोक्स 13वें आईपीएल की तैयारी में जुटे हैं हालांकि उन्हें पता है कि कोविड 19 महामारी के चलते इस टी20 क्रिकेट लीग के रद्द होने की पूरी आशंका है । आईपीएल 29 मार्च से शुरू होना था लेकिन 15 मई तक के लिये स्थगित कर दिया गया है। राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले स्टोक्स ने बीबीसी से कहा, 'इस समय मेरा अगला प्रतिस्पर्धी टूर्नमेंट आईपीएल है। अभी यह रद्द नहीं हुआ है तो मुझे लगता है कि हम 20 अप्रैल से खेलेंगे।' इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने पिछले सप्ताह कहा था कि काउंटी सत्र मई के आखिर से पहले शुरू नहीं होगा। इंग्लैंड टीम का श्रीलंका दौरा भी रद्द कर दिया गया था। स्टोक्स ने कहा कि आईपीएल कभी भी हो, उन्हें इसके लिए फिटनेस पर काम करना होगा। उन्होंने कहा, 'मुझे शारीरिक तौर पर पूरी तरह से तैयार रहना होगा । मैं तीन हफ्ते का ब्रेक लेकर यह कल्पना नहीं कर सकता कि 20 अप्रैल को खेलने के लिए फिट रहूंगा।'

## न्यूज डायरी



### कोरोना से लड़ने के लिए सिंधु ने दिए 10 लाख रुपये दान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हैदराबाद। विश्व चौंपियन भारतीय महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने कोरोनावायरस की लड़ाई में अपना योगदान देते हुए 10 लाख रुपये दान देने का फैसला किया है। सिंधु ने यह राशि पांच–पांच लाख रुपये के रूप में दो राज्यों आंध्र प्रदेश और तेलंगाना मुख्यमंत्री राहत कोष में दान दिया है। सिंधु ने टिवटर कहा, 'कोरोनावायरस से लड़ने के लिए मैं तेलंगाना और आंध्र प्रदेश राज्य के मुख्यमंत्री राहत कोष में पांच–पांच लाख रुपये दान देती हूं'। इससे पहले, दक्षिण के सुपरस्टार पवन कल्याण ने भी दो राज्यों आंध्र प्रदेश और तेलंगाना मुख्यमंत्री राहत कोष में 50–50 लाख रुपये दान दिया। उनसे पहले, पहलवान बजरंग पुनिया अपने छह महीने की सैलरी, पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने 50 लाख रुपये और सानिया मिर्जा ने भोजन तथा जरूरी की सामान दान देने का फैसला किया। भारत में कोरोना के अब तक 650 मामले सामने आ चुके हैं जबकि 13 लोगों की मौत हो चुकी है।

### शोएब अख्तर ने की बाबा रामदेव वाली बात फास्ट फूड है सेहत बिगड़ने की वजह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस ने दुनिया में कोहराम मचा रखा है। दुनिया का हर शख्स आज इस बीमारी से खौफजदा है और सोशल मीडिया पर सिलेब्रिटीज भी इस बीमारी के खिलाव फैन्स को आगाह कर रहे हैं। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भी इस घातक वायरस के प्रति अपने यू–ट्यूब चौनल से लोगों को कई बार आगाह किया है। अख्तर ने आज एक बार फिर इस बीमारी पर अपनी राय रखी, तो भारतीय फैन्स को बाबा रामदेव की याद आ गई। अख्तर ने इस बार अपना यह वीडियो रनिंग करने के बाद शूट किया है। इसके बाद अख्तर ने कहा कि कोरोना वायरस के चलते वह इन दिनों किसी से मिल नहीं रहे है न ही किसी से हाथ मिला रहे हैं। वह खाली मैदान पर दौड़ लगा रहे हैं ताकि उनके फेफड़े मजबूत रहें और शरीर की प्रतिरोधक क्षमता सुचारू रहे।

### आईसीसी से हुई चूक, बेशक पुल शॉट के बादशाह हैं रोहित शर्मा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रोहित शर्मा ने पिछले दिनों अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के पुल शॉट खेलने वाले चार बल्लेबाजों में खुद को शामिल नहीं किए जाने पर फिकरा कसा था और अगर आंकड़ों पर गौर करें तो यह साबित हो जाता है कि क्रिकेट का यह खास शॉट खेलने में इस सलामी बल्लेबाज का कोई सानी नहीं है। आईसीसी ने वेस्टइंडीज के विव रिचर्ड्स, ऑस्ट्रेलिया के रिकी पॉन्टिंग, साउथ अफ्रीका के हर्शल गिब्स और भारतीय कप्तान विराट कोहली के फोटो ट्वीट करके पूछा था कि इनमें पुल करने में सर्वश्रेष्ठ कौन है? इस पर रोहित ने ट्वीट किया था, 'इसमें किसी की कमी खल रही है?? मुझे लगता है कि घर से काम करना इतना आसान नहीं है।' अगर 2015 के बाद के आंकड़ों पर गौर करें तो रोहित ने अपने सबसे अधिक रन पुल शॉट से बनाए। यही नहीं इस बीच पुल शॉट से बनाए गए रनों के मामले में भी रोहित सभी बल्लेबाजों से सबसे आगे रहे।

### लॉकडाउन तोड़ने वालों पर सचिन गुस्सा, बोले– कोरोना आग, आप मत बनिए हवा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दुनिया के महान बल्लेबाज सचिन तेंडुलकर कोरोना वायरस पर लगातार लोगों को जागरूक कर रहे हैं। सचिन ने कहा कि प्रधानमंत्री के लॉकडाउन की अपील का सबको सख्ती से पालन करना चाहिए तभी इस जानलेवा वायरस का खात्मा संभव है। आज मास्टर ब्लास्टर ने एक और वीडियो जारी कर उन लोगों के खिलाफ नाराजगी जताई है, जो इस वायरस की परवाह किए बगैर घर से बाहर निकल रहे हैं। मास्टर ब्लास्टर ने कहा कि यह वायरस आग है, कम से कम आप इसे भड़काने वाली हवा तो मत बनिए। सोशल मीडिया ट्विटर पर सचिन ने लोगों से अपील करते हुए 1 मिनट 28 सेकंड का एक विडियो पोस्ट किया। तेंडुलकर ने अपने ट्वीट का कैप्शन भी हिंदी में दिया और लिखा, श्नमस्ते! हमारी सरकार ने हम सभी से ये विनती की है कि अगले 21 दिनों तक हम सब अपने घरों से ना निकलें।